Patrika (Indore), 16th November 2019, Patrika Plus, Page-13

# आइआइटी इंदौर का 7वां दीक्षांत समारोह आज

इंदौर ◆ आइआइटी इंदौर का 7वां दीक्षांत समारोह शनिवार को सिमरोल परिसर में होगा। यह पहला मौका है जब मुख्य अतिथि के तौर पर कोई विदेशी वैज्ञानिक यहां आ रहे हैं। यूएसए के जियोलॉजिस्ट व प्लेनेटरी साइंटिस्ट प्रो. जेफरी एस कर्गेल आइआइटी से पढ़ाई पूरी करने वालों को डिग्री और टॉपर्स को मेडल से प्रदान करेंगे। समारोह दोपहर ढाई बजे से होगा। आइआइटी के पहले दीक्षांत समारोह में 2013 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी और 2014 में भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे।